संख्या 402/92/2006-एमसी (2008 का 17)
भारत सरकार/वित्त मंत्रालय राजस्व विभाग
केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड
***

नई दिल्ली दिनांक 1st अप्रैल 2008

प्रेस विज्ञप्ति

श्री प्रसन्न कुमार मिश्रा ने आज अर्थात् 1 अप्रैल, 2008 से केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया है। वह भारतीय राजस्व सेवा के 1971 बैच के हैं।

सीबीडीटी के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति से पहले, श्री मिश्रा जनवरी 2007 से सीबीडीटी में सदस्य (अन्वेक्षण) थे। इससे पहले, उन्होंने आयकर विभाग में विभिन्न पदों पर कार्य किया है, जिनमें दिल्ली और उदयपुर में मुख्य आयुक्त; मुंबई में आयुक्त; हैदराबाद में निदेशक (अन्वेक्षण); भुवनेश्वर में उपायुक्त/निदेशक; आंध्र प्रदेश में अपीलीय सहायक आयुक्त आदि शामिल हैं।

श्री एस. एस. खान केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड में सदस्य के रूप में भी शामिल हुए हैं। वे भारतीय राजस्व सेवा के 1972 बैच के अधिकारी हैं।

श्री खान इससे पहले आयकर विभाग में अन्य पदों के अलावा आयकर महानिदेशक (अन्वेक्षण) और आयकर निदेशक (प्रणाली) के पद पर भी कार्य कर चुके हैं।

XXX